साहित्यचेता युगपुरुष अपनी साहित्य साधना संबलित रत्नों को समय-समय पर समाज में विकीर्ण करते रहे हैं, ऐसे ही सुकृती युगपुरुषों में महाकवि कालिदास अग्रगण्य हैं। भारतीय संस्कृति और जीवन का पूर्ण प्रतिनिधित्व कालिदास के साहित्य में विद्यमान हैं। उनके काव्य में सौन्दर्य और श्रेय का सामञ्जस्य अद्वितीय है। हिमालय से लेकर कन्याकुमारी तक की भारतीय संस्कृति और भारतीय प्रकृति का समस्त सौन्दर्य कालिदास के काव्य में निहित है। कालिदास ने अपनी सरस काव्यभूमि में, जीवन और संस्कृति को नैसर्गिक सौन्दर्यदान देकर विकसित किया है। ऐसा प्रतीत होता है कि समन्वय ही कालिदास का जीवन दर्शन था, जो अनेक रूप धारण कर उनकी कृतियों में प्रस्फुटित हुआ है।

यद्यपि युगधर्म के अनुसार कालिदास की कृतियों में स्मार्त धर्म का प्रभाव अधिक है, लेकिन स्मार्त कर्मों और व्यवहारों में वैदिक विधियों (यज्ञादि) का समन्वय किया है। जन्म से लेकर मरणोत्तर संस्कार तक विधि पूर्वक सम्पन्न कराने की सावधानी बरती है।

शैव होते हुए भी कालिदास ने कुमारसम्भव रघुवंश आदि में शिव के महिमामय वर्णन के साथ ही, राम को विष्णु का अवतार मानना तथा देवताओं द्वारा ब्रह्मा का महिमामय वर्णन कालिदास की समन्वय भावना के ज्वलन्त प्रमाण हैं।

'काम' को पवित्रभाव मानते हुए कालिदास ने योग और भोग, प्रकृति और संस्कृति प्रवृत्ति और निवृत्ति में सामंजस्य सन्तुलन की स्थापना की है। महाकवि कालिदास मानव और मानवता के ही नहीं, बल्कि समस्त-चराचर जगत् के कल्याण मित्र थे। उनकी कवि दृष्टि हर वस्तु को उदारता आत्मीयता एवं समन्वयभावना से देखती है।

—गुप्ता मनोरमा

महाकवि वत्सराज के रूपकों में प्रकृति-वर्णन

प्राकृतिक-वर्णनों को रचनाओं में चित्रित करने की परम्परा वैदिककाल से ही चली जा रही है। यह मानवीय भावनाओं को उद्दीप्त करने का महत्वपूर्ण साधन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

है । प्रकृति चित्रण काव्य की सुषमा एवं गरिमा को बढ़ाता है । कथा-प्रवाह को बनाये रखने में सहायक होने के कारण दण्डी ने काव्य में सूर्योदय, उद्यान, जल-विहार, आदि प्राकृतिक वर्णनों को चित्रित करने की आवश्यकता पर जोर दिया है ।

दृश्य व श्रव्य दोनों ही काव्य के अभिन्न रूप हैं तथापि दोनों की अपनी अलग-अलग मर्यादाएं हैं । दृश्य काव्य का आकार सीमित होने के कारण कवि को इसमें अपनी कल्पना शक्ति को इच्छानुसार विकसित करने की स्वतन्त्रता नहीं होती । समयाभाव एवं स्थानाभाव के कारण नाटकों में प्रकृति के उन्हीं चित्रों का चित्रण किया जाता है जिनका अपेक्षित भावों से गहरा सम्बन्ध होता है तथा जो थोड़े से थोड़े शब्दों द्वारा भावों को अधिक से अधिक संवेग देकर नाटकीय व्यापार को आगे बढ़ाये । अत: भावगत चित्र की दृष्टि से नाटकों के दृश्य विधान में प्रकृति-चित्रण का अत्यधिक महत्व है ।

महाकवि द्वारा रूपक की छ: विभिन्न विधाओं पर रचित रूपकों में प्राकृतिक सौन्दर्य को एक विशेष वर्णनात्मक शैली द्वारा दर्शकों के सामने प्रस्तुत किया गया है । यद्यपि, व्यायोग, भाण, प्रहसन आदि एक अंक में निबद्ध होने वाले लघु-रूपकों में प्रकृति चित्रण के लिए स्थान नहीं रहता तथापि वत्सराज ने अपने रूपकों में अनेक स्थलों पर प्रकृति के अनेक रूपों-रौद्र, भयानक, वीभत्स, अद्भुतादि का वर्णन अत्यन्त सहजता एवं सफलता पूर्वक किया है । इन वर्णनों में प्रकृति को ही अभिव्यक्ति का माध्यम बनाया है । कवि ने अपने सभी रूपकों में सुकुमार व स्निग्ध प्रकृति के माध्यम से मानव-मन की भावनाओं की अभिव्यक्ति स्वाभाविक व हृदयग्राही रूप में प्रस्तुत की है । प्रकृति के कोमल पक्षों की ओर कवि का रूझान होने पर भी रूपकों में जीवन के गम्भीर चित्रों के सामञ्जस्य में प्रकृति के विकट रूपों का चित्रण करने में कवि का विशेष आग्रह दिखाई देता है । प्रकृति के कठोर एवं उद्धत पक्षों के वर्णनों में वीर्यवत्ता साकार हो कर खड़ी दिखाई देती है । त्रिपुरदाह में प्रकृति की दारुण वृत्तियों तथा प्रचण्ड जीवन का यथार्थ चित्रण द्रष्टव्य है । इन वर्णनों में द्रष्टव्य रुक्षता, कठोरता व गम्भीरता कवि के व्यक्तिगत संघर्षों, कष्टों व गम्भीर जीवन दर्शन की ओर संकेत करती प्रतीत होती है ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इस प्रकार, उन्होंने अपने सभी रूपकों में नाटकीय शिल्प तथा भावों के बन्धन में बंधे रहने पर भी प्रकृति के अनेक रूपों को प्रस्तुत कर अपनी योग्यता का परिचय दिया है ।

—मंजुला गिरधर

पिबत भागवतं रसमालयम्

अष्टादश पुराणों में श्री मद्भागवत का विशेष महत्व है । संसार में श्री मद्भागवत की कथा तथा श्री कृष्ण चरित का विशेष सम्मान है । इस शोध प्रबन्ध में भागवत की विशेषताओं पर विचार किया गया है ।

—गुप्त श्रीकृष्ण

चैतन्य सम्बन्धित स्तोत्र काव्य—एक विहंगम दृष्टि

स्तोत्र काव्य की परम्परा अति प्राचीन है । आदि काव्य रामायण से लेकर अद्यावधि काव्य में किसी न किसी रूप में स्तोत्र प्राप्त हो जाते हैं । चैतन्य सम्प्रदाय में इन स्तोत्रों का महत्व अत्यधिक है क्योंकि चैतन्य ने स्वयं कुछ नहीं लिखा । चैतन्य के निकटस्थ पार्षदों अथवा भक्तों के मुखनिःसृत अथवा लिपिबद्ध भक्तिमय उद्गार ही चैतन्य दर्शन एवं मान्यताओं के मूल स्रोत हैं । अतएव चैतन्य सम्बन्धित मान्यताओं के ज्ञान के लिए चैतन्य सम्बन्धित स्तोत्र काव्यों का अनुशीलन अत्यावश्यक है ।

—गोयल अर्चना

भोजदेवः व्यक्तित्व एवं कृतित्व

साधितं विहितं दत्तं ज्ञातं तवेन्न केनचितम् ।
किमन्यत् कविराजस्य श्री भोजस्य प्रशस्यते ॥

भारतीय इतिहास के सम्यक् परीक्षण से प्रतीत होता है, कि उदयपुर प्रशस्ति के खमें की गई महाराज भोज (इ. १०१७-५५) की इस प्रशंसा मे सच्चाई है । तीस वर्ष की उम्र में राज्यासीन होने के बाद अपने अंनवरत और सख्त सैनिक अभियानों

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

से उन्होंने इतना साम्राज्य विस्तार बीस साल में कर लिया कि समूचे भारत वर्ष में उनका कोई स्पर्धक न था। इतने पराक्रम व्यस्त सम्राट् ने लोकोपयोगी स्थापत्य में दिलचस्पी रक्खी। दानवृत्ति और विद्वत्समाश्रय से अर्जित उनका यशोराशि अभी तक सुस्थित है। प्रकृति से ही भोजराज उदार थे। भोजदेव ने मध्यकालीन भारत की प्राय: सभी विद्याओं से संलग्न ८४ ग्रन्थ लिखे थे। इन में से 'शृङ्गार प्रकाश— ३६ प्रकाश से युक्त, संस्कृत काव्य शास्त्र में विस्तार में सबसे बड़ा है। 'समराङ्गण सूत्रधार— सात सौ कारिकाओं में निबद्ध, वास्तुविद्या से संबद्ध है। 'तत्त्वप्रकाश' में धर्मअध्यात्म है। 'शालिहोत्र' में अश्वचिकित्सा है। प्रतिस्पर्धी राजा के आश्रित होने पर भी विल्हण ने भोजराज की प्रशस्ति की है। ऐसी मानुषी प्रज्ञा का परमोत्कर्ष अन्यत्र दुर्लभ है।

—मेहता आर. पी.

अभिराज डॉ. राजेन्द्र मिश्र का कथा-साहित्य

संस्कृत, हिन्दी और भोजपुरी में समान गति से लिखने वाले डॉ. राजेन्द्र मिश्र की अब तक २३ मौलिक संस्कृतकृतियां प्रकाशित हो चुकी है जिन में दो विशाल महाकाव्य दो नाटिकाएं तीन नवगीत—संग्रह, दो कथा संग्रह छ: एकांकी—संग्रह और शेष स्वतन्त्र खण्ड काव्य हैं।

इक्षु गन्धा नामक कथा-संग्रह को १९८८ ई. का साहित्य-अकादमी पुरस्कार प्रदान किया गया। इस में लेखक की कुल नौ कहानियां संकलित हैं—जिजीविषा, सुखशयित—प्रच्छिका, अनामिका एकहायिनी शतपर्विका, भग्नपञ्जर: ताम्बूल करंक वाहिनी तथा इक्षुगन्धा।

डा. मिश्र का दूसरा संग्रह रङ्गा १९९२ ई. में प्रकाशित हुआ जिसमें कथाकार की अपेक्षाकृत और अधिक प्रौढ़ एवं दीर्घ कथाएं संकलित हैं। जिनके नाम हैं—कुलदीपक:, अधमर्ण: पोट कुक्की, महानगरी, एकचक्र:, मो-विहगौ, चञ्चा, सिंह सारी तथा रांगड़ा।

—मिश्र इन्द्र प्रकाश

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यादवाभ्युदव का काव्य सौष्ठव

भगवान् श्री कृष्ण के चरित्र पर आधारित यादवाम्युदय नामक महाकाव्य श्री दैशिक की अलौकिक प्रतिमा तथा विशाल लेखन कौशल का परिचायक हैं। २४ सर्गों में निबद्ध इस महाकाव्य में शास्त्र सम्मत समस्त लक्षण संघठित हुए हैं। यदु उत्पत्ति से लेकर ययाति द्वारा दिए गए शाप तक का वर्णन इस में हैं। इस की कथा का मूल स्रोत महाभारत है। घीरोदात्त गुणों से युक्त श्री कृष्ण ही इस महाकाव्य के नायक हैं जो परब्रह्म है। श्री देशिक ने इस परब्रह्म को ही प्रतिपादित किया है जो विशिष्टाद्वैत का सर्वोत्कृष्ट प्रमेय है तथा जिस का ज्ञान हो जाने पर मनुष्य को मोक्ष-प्राप्ति हो जाती है। श्री देशिक सत्कवि और सत्काव्य के लक्षणों से भलीभांति परिचित थे जिसका स्पष्ट संकेत वह संकल्प सूर्योदय तथा यादवाभ्युदय में देते हैं। उनके मतानुसार तो सृष्टाकवि तो वही है जिसके मुख से श्रृंगारादि रस विभावादि भाव गुणी मूतव्यंग्य अलंकार माधुर्यादि गुणों से युक्त भारती बिना प्रयास निःसृत हो-सः कवि सृष्टारमते यत्र भारती। रसभावगुणीभूतैरलंकारैर्गुणादयैः ॥

—मिश्रा की

कवि चतुर्भुजमिश्र कृत 'रसकल्पद्रुम'

चतुर्भुज मिश्र ने आशफरवां के पुत्र, औरङ्गजेब के मामा तथा सेनापति शाइस्ताखां के अनुरञ्जन के लिए १७वीं शती के उत्तरार्ध में इस सुभाषित ग्रन्थ की रचना की। इसमें उस युग के अनेक कवियों के पद्य उपलब्ध होते हैं। कुछ कवियों के नाम हैं अचल, रुद्र, अनिरुद्ध अविलम्ब, ईश्वरदास, उपग्रह, कंसनारायण आदि। कतिपय पद्य स्वयं चतुर्भुज के भी हैं।

यह ग्रन्थ अप्रकाशित, अखिल भारतीय संस्कृत-परिषद के हस्तलिखित ग्रंथी में प्राप्त हैं। चतुर्भुज मिश्र शायस्ताखां के दरबारी कवि थे यह ग्रन्थ के अन्तिम पत्र से ज्ञात होता

पत्र सं. ३६—"इति श्री शायस्ताषाणवने चतुर्भुज मिश्र विरचिते रसकल्पद्रुमे व्रज्याग्रंथस्य परिच्छेदः १५ समाप्तोयं ग्रंथः सं. १९१० श्रावण शुक्ला ३ खौलि० मिश्रगणपति सहायेन भवानन्दस्य पठनार्थम् शुभं भवतु मांगल्यम् ॥"

—मजूमदार शोभरानी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

महाभारत का शान्तिपर्व एवं बुद्ध का पोर्वापर्य-एक अध्ययन

महाभारत का वर्तमान स्वरूप सुदीर्घ कालक्रम की अपेक्षा रखता है पुनरपि दुरुह होने पर भी इस सन्दर्भ में कुछ तथ्य दर्शनीय हैं।

शान्तिपर्व महाभारत के बृहत्तम पर्वों मे है। मोक्षचिन्तन के सन्दर्भ में कुछ दार्शनिक ग्रन्थों का पौर्वापर्य यहां उल्लेखनीय है। जहां इसके कुछ श्लोकों से यह स्पष्ट है कि प्रमुख्र उपनिषद् महाभारत से पूर्ववर्ती हैं वहीं भाषा की दृष्टि से यह पाणिनि से परवर्ती है। शान्तिपर्व में प्रतिपादित सेश्वर संख्य ईश्वरकृष्ण को परवर्ती सिद्ध करती है। यहां प्राप्त दशावतार वर्णनों में एक प्रक्षिप्त अंश बुद्ध को नवें अवतार के रूप में उल्लिखित करता है जबकि नारायणीराम् में अवतारों में वे परिगणित नहीं है।

कुछ अन्य तथ्य यह प्रदर्शित करते हैं कि शान्तिपर्व का अधिकांश बुद्ध से निःसन्देह प्राचीन है एवं कुछ बौद्ध दर्शन से प्रभावित होने के कारण परवर्ती। एक श्लोक में मुक्त जन के लिए "बुद्ध" पद का प्रयोग है जो बौद्ध दर्शन से अन्यत्र दुर्लभ है। "पुनर्भव" पद भी मिलता है। वस्तुतः यहां बौद्ध मतों को एक पक्ष के रूप में प्रस्तुत करते हुए उसके खण्डन का पर्याप्त प्रयास किया गया है। क्षणभंगवाद पर भी कठोर टिप्पणी की गई है। "सुलभा-जनक-सम्वाद" के माध्यम से स्पष्ट है कि शान्तिपर्व ने बौद्धों के संसार-सम्बन्धी विवेचन को बहुत कुछ स्वीकार तो कर लिया परन्तु उनकी परमतत्व की मान्यता पारम्परिक ही रही।

इन सभी तथ्यों के आधार पर यह माना जा सकता है कि शान्तिपर्व छठी शताब्दी ई. पू. से पूर्व की कृति है परन्तु यह भी स्पष्ट है कि इसके कुछ अंश प्रायः बुद्ध के समकालीन या उनके कुछ ही काल पश्चात् के हैं।

रसिक मनोरञ्जिनी एक अनुशीलन

रसिक मनोरंजिनी के प्रणेता पण्डित दीनबन्धु झा भट्ट का स्वभाव ही था कि नूतन विषयों का अन्वेषण कर ही किसी ग्रन्थ को विद्वानों के समक्ष उपस्थित करें क्योंकि पिष्टपेषण से कुछ भी नहीं होता। अतएव प्राचीन कवियों का अनुकरण कर यदि कुछ भी लिखा जाता है तो उससे लोगों को अलौकिक एवं चमत्कार पूर्ण अर्थ का लाभ नहीं हो सकेगा। नवीन विषय पर दृष्टि डालकर यदि थोड़ा भी कार्य किया जाये तो उससे लोगों का उपकार होगा। आचार्य मम्मट के काव्य लक्षण में

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"व्यवहार चातुर्य" भी काव्य का प्रयोजन कहा गया है जहां "रामादिवत् प्रवर्तितव्यम् न रावणादिवत्" इत्यादि सकल व्यवहारचातुर्य रामायणादि से हमें ज्ञात है किन्तु दाम्पत्य व्यवहार चातुर्य सम्पादन के लिए कोई भी स्वतन्त्र काव्य नहीं मिलता जिससे एक ही जगह दम्पतियों का क्रमिक वृत्तान्त ज्ञात हो सके। अपनी पत्नी के साथ व्यवहार में चतुर पुरुष ही विशिष्ट आनन्द का अधिकारी हो सकता है।

"स्वीया" नायिका का अवलम्बन कर भी प्राक् काल से ही क्रमिक वृत्तान्त बोधक काव्य के अभाव से लोग खिन्न रह जाते हैं। जहां कान्तासम्मित वाक्य से ही सुगम रीति से बोध हो सके तथा उस ग्रन्थ के विशालकाय होने के कारण वहउपयोगी नहीं है ऐसा विचार कर स्चयिता ने "रसिकामनोरञ्जिनी" नामक काव्य शास्त्रीय खण्डकाव्य का प्रणयन किया है।

—झा मिथिलेश चन्द्र

'जयोदय महाकाव्य' में श्लेष-प्रयोग

प्रस्तुत आलेख में जैन धर्म की महत्ता, जैन आचार्यों एवं मुनि विद्वानों की संस्कृत-सेवा का संक्षिप्त सङ्केत करते हुए मुनि श्री ज्ञान सागर महाराज का वैयक्तिक एवं सारस्वत परिचय देकर 'जयोदय महाकाव्य' तथा उस पर स्वोपज्ञ टीका का वैशिष्ट्य प्रतिपादित किया गया है। काव्यात्म सम्प्रदायों में अलङ्कार का विशेषतः श्लेष का अपना विशेष महत्त्व है। श्लेष के विविध रूपों और भेदों मे से कतिपय का सोदाहरण व्याख्यान किया गया है।

'कवि अपने समय का प्रतिनिधि होता है' इस आभाणक के परिप्रेक्ष्य में कतिपय सामयिक सन्दर्भों विशेषतः राष्ट्रिय चेतना के बिन्दुओं को उद्घाटित किया गया है। साथ ही त्रिधा, संश्लिष्ट पद्यों में से इन बिन्दुओं का काव्यात्मक विवेचन प्रस्तुत किया गया है, ताकि सहृदय पाठक स्वरस्य ग्रहण कर सकें और महाकाव्यों के वैदुष्य का परिवीक्षण कर सकें।

अन्त में निम्नलिखित पद्य के साथ आलेख को उपसंहृत किया गया है—

जयोदयमिदं काव्यं श्लेषवैशिष्ट्यमञ्चति।
ज्ञानसागरधीः श्रीला साधुवादैः प्रणम्यते॥

—त्रिपाठी शिवसागर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संस्कृत महाकाव्य के स्वरूप में धर्मशास्त्रीय चिन्तन का प्रतिफलन

संस्कृत का ललित साहित्य धर्मशास्त्रीय सामग्री के सन्निवेश से गौरवान्वित है। काव्य के प्रयोजन की प्रमुख तीन दृष्टियों व्युत्पत्ति (विवेक) वादी, प्रीति (आनन्द) वादी तथा कीर्ति (यश) वादी में से प्रथम उसे लोकहित का सशक्त माध्यम मानती है: इसीलिए महाकाव्य का लक्षण निर्धारित करते हुए काव्यशास्त्राकारों ने धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष आदि पुरुषार्थों तथा उदात्त चरित आदि के चित्रण पर बल दिया है। 'रामादिवत्प्रवर्तितव्यं न तु रावणादिवत्' रचनात्मक साहित्य का वह आदर्श हैं जो 'कृत्य' अर्थात् धर्मादि रूप कर्त्तव्य कर्म की ओर हमारी प्रवृत्ति तथा 'अकृत्य' अर्थात् अधर्मादि अकर्त्तव्य की ओर से हमारी निवृत्ति करता है। इसीलिए भामह ने कहा है—'सत्काव्य का अनुशीलन और निर्माण ऐसी वस्तु है जिससे धर्म, अर्थ काम, मोक्ष का तात्त्विक ज्ञान होता है।' वैसे तो ललित साहित्य की हर विधा धर्मशास्त्रीय सामग्री से अनुप्राणित है, महाकाव्य के विस्तृत कलेवर में अवकाशाधिक्य के कारण उसका प्रस्तुतीकरण अपेक्षाकृत अधिक हुआ है।

—त्रिपाठी प्रतिभा

"आधुनिक संस्कृत साहित्य की मुख्य प्रवृत्तियों" का सारांश

युग के अनुरूप भाषा को सरल और सुबोध बनाने के लिए कवियों ने हिन्दी, अंग्रेजी, उर्दु इत्यादि भाषाओं के लोकप्रचलित शब्दों तथा लोकोक्त्यों का ज्यों का त्यों प्रयोग तो संस्कृत में किया ही है, साथ ही साथ कुछ शब्दों को संस्कृत व्याकरणानुकूल ढालने का भी प्रयत्न किया है। नवीन वस्तुओं और स्थानों के लिए शब्द साम्य के आधार पर नवीन शब्दों का गठन किया है, जैसे रेल के लिए अग्निया भाषा को सुन्दर बनाने के लिए हिन्दी, उर्दू, तेलुगु, मराठी इत्यादि भाषाओं के छन्दों का भी आधुनिक कवि प्रचुर प्रयोग करने लगे हैं।

विषयवस्तु की दृष्टि से तो इस युग में अभूतपूर्व परिवर्तन आया है। प्राचीन युग में कवि श्रृंगार, नारी, प्रकृति तथा देवी देवताओं के स्तुतिपरक काव्य अधिकांशत: लिखा करते थे किन्तु आधुनिक युग में राजनीतिक, ऐतिहासिक,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सामाजिक तथा मनोरंजन प्रधान काव्य लिखे जा रहे हैं। विभिन्न भाषाओं की उत्कृष्ट साहित्यकि रचनाओं का संस्कृत अनुवाद भी इसी युग की देन है। यही नहीं, संस्कृत कवि भारतीय लोक साहित्य की महनीयता के प्रति भी आकृष्ट हुआ है और उसने लोक साहित्य की अनेक विधाओं को अपनाने के साथ-साथ लोक साहित्य की अनेक रचनाओं का संस्कृतानुवाद कर आधुनिक संस्कृत की अभिवृद्धि की है। गीत, एकांकी, यात्रा-साहित्य, रेडियो रूपक जैसी अनेक नवीन साहित्यक विधाएं संस्कृत में जनमी हैं। संस्कृत के प्रचार-प्रसार तथा लेखन को प्रेरणा देने में प्रमुख भूमिका संस्कृत में प्रकाशित पत्र पत्रिकाओं की है।

—मंजु उपाध्याय

सात्त्वतीवृत्तिः एक समीक्षा

'वृत्ति' शब्द सामान्यतः व्यापारवाची है। नाट्यशास्त्र में रूपकों के नायक आदि के व्यापार को 'वृत्ति' कहा गया है। यही वृत्तियां नटों द्वारा अभिनीयमान होकर नाट्य को जन्म देती हैं। इसी लिए वृत्तियों को नाट्य की जननी कहा गया है—"वृत्तियो नाट्यमातरः"—ना. शा., २०/७२। वृत्तियों के प्रथमतः दो प्रकार हैं—शब्दवृत्ति एवं अर्थवृत्ति। शब्दवृत्ति को ही 'भारती'वृत्ति कहा गया है। अर्थवृत्ति के तीन प्रकार हैं—सात्त्वती, कैशिकी एवं आरभटी।

प्रस्तुत शोधपत्र में अर्थवृत्तियों में प्रथम सात्त्वतीवृत्ति की उत्पत्ति, स्वरूप, नामकरण, भेदोपभेद तथा रूपकों में उसके प्रयोग की समीक्षा की गई है।

—हरी लाल वर्मा

विश्वनाथ और ध्वनि का सारांश

सौन्दर्य एवं शक्ति चमत्कार के प्रमुख तत्त्व ध्वनि की गवेषणा में आलंकारिक वैयाकरणों के ऋणी रहे हैं, वैयाकरणों के स्फोट तत्त्व से ही ध्वनि का जन्म हुआ है। भट्टोजिदीक्षित का कथन है 'स्फुटत्यर्थोऽस्मादिति स्फोटः' शब्द कौस्तुभ १.१। शब्द शक्ति के जिस रूप से अर्थ ध्वनित होता है वही ध्वनि है, आचार्य आनन्दवर्धन ने ध्वनि की व्युत्पत्ति से शब्द, शब्द शक्ति, रसादि, एवं काव्य का ग्रहण किया है। भट्टोद्भट ने सर्वप्रथम ध्वनि सिद्धान्त की ओर संकेत दिया

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

है। उस सन्दर्भ में आनन्द वर्धन ने लिखा है—"अन्यत्र वाच्यत्वेन प्रसिद्धो यो रूपकादिरलंकार, सोऽन्यत्र प्रतीयमानतया बाहुल्येन प्रदर्शितस्तत्रभवद्भि भटादिभि:"।

आचार्य विश्वनाथ की गणना ध्वनिवादी आचार्यों में ही की जाती है काव्यस्यात्मा ध्वनि: के खण्डन में यह रसध्वनि को स्वीकार करते हैं, उनका पुन: कथन है 'रसवत: एव काव्यत्वाङ्गी कारात् "ध्वन्यतेऽस्मिन् (काव्ये) इस व्युत्पत्ति में यह आनन्दवर्धन के ही ऋणी हैं। यह रसादि बोध में व्यंजना को तुर्या वृत्ति के रूप में स्वीकार करते हैं क्योंकि रसादि बोध में अभिधा व्यापार जात्यादि चतुर्विध अर्थों से विलक्षण रस की प्रतीति में समर्थ नहीं है। उनके अनुसार शब्द एवं रस की अतिप्राचीन समस्या के समाधान हेतु हो ध्वनि का प्रदुर्भाव हुआ है।

—वाई. डी. शर्मा

सामान्यभाषा और काव्यभाषा

किसी भी शब्द का सम्यक् प्रयोग कमाल का प्रभाव छोड़ता है और यदि शब्द-प्रयोग में असावधानी हो जाये तो अर्थ का अनर्थ हो जाता है। सजग रचनाकार इसीलिए शब्दों का प्रयोग अत्यन्त सावधानी से करता है। वह सामान्य भाषा—आम बोलचाल की भाषा—को परिष्कृत, सुव्यवस्थित और सौन्दर्यसम्पन्न बनाकर पाठकों के समक्ष पेशं करता है। रचनाकार की भाषा सामान्य भाषा से उपजती है, पर उससे भिन्न होती है। साहित्य में भाषा का महत्त्व अपरिमेय है। जिस भाषिक सामग्री-ध्वनि, शब्द, रूप, वाक्य, अर्थ—का उपयोग सामान्य भाषा ज्यों का त्यों करती है, काव्यभाषा कल्पनासमृद्ध सर्जनात्मकता से उसे नयी अर्थवत्ता से सम्पन्न बना देती है। भाषा के सभी सम्भव स्रोतों का उपयोग करने का प्रयास करके रचनाकार अपने कथ्य को अधिकाधिक सम्प्रेषणीय बनाता है। अलंकार, बिम्ब, प्रतीक आदि के प्रयोग से कथ्य को सौन्दर्यसम्पन्न बनाता है; भाषा के सामान्य नियमों का पालन करते हुए, या उनका अतिक्रमण करके, आकर्षक सादृश्य विधान का प्रयोग करके काव्यभाषा को सामान्य भाषा से विशिष्ट रूप प्रदान कर देता है।

—नीरजा टण्डन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आचार्य चाणक्य की व्यावहारिक कोशनीति : संस्कृत साहित्य के आलोक में

आचार्य चाणक्य के मतानुसार कोश से सभी पुरुषार्थों की सिद्धि होती है, इसलिए राजा को उसकी रक्षा और वृद्धि का प्रयत्न करना चाहिए। आचार्य चाणक्य की कोशसम्बन्धिनी व्यावहारिक नीति के अनुसार भी कोश को राज्य के लिए आवश्यक माना गया है। इस लेख में मैंने उन्हें अभीष्ट कोशवृद्धि के उपायों-शत्रु राजा का कोश लूटना, व्यापार की समुचित व्यवस्था, छिपे हुए धन का पता लगाना आदि—को सोदाहरण दर्शाया है। राजकीय करों में अनुचित वृद्धि करना, अर्थदण्ड के लिए निर्धारित धनराशि को अपने मन से दुगुना कर देना, कृषकों से मनमानी मालगुजारी वसूल करना, राजपुरुषों द्वारा राहगीरों को लूटना आदि उपायों से कोशवृद्धि का निषेध किया है; राजकीय कर्मचारियों को करादि से प्राप्त धन को कोश में ही जमा करने का निर्देश दिया है; तथा 'सर्वनगरश्रेष्ठी' पद की नियुक्ति का उद्देश्य भी कोशवृद्धि माना है।

—किरण टण्डन

भवभूति और उनका रससिद्धान्त

संस्कृत नाटककारों ने श्रृंगार रस को अंगी रस स्वीकार किया है परन्तु भवभूति ने करुण रस को मुख्य रस स्वीकार किया है और उसे अन्य रसों का मूल बिन्दु भी माना है। उन्होंने बताया कि अन्य रस तो इसी के विवर्त मात्र हैं। अतः वे करुण रस को अन्य रसों का आधार भूत रस मानते हैं। उनके मतानुसार करुण रस ही रूपान्तरित होकर श्रृंगार आदि रसों के रूप में परिणत होता है। सर्वत्र रसों की आत्मा के रूप में करुण रस ही है। करुण रस प्रकृति है और श्रृंगार अदि विकृति हैं। स्वयं भवभूति ने उत्तर राम चरित के तृतीय अंक में कहा है:—

एको रसः करुण एव निमित्तभेदाद्
भिन्नः पृथक पृथगिवाश्रयते विवर्तान्।
आवर्तबुद्बुद्तरङ्गमयान् विकारा—
नम्भो यथा सलिलमेव हि तत् समस्तम्॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अत: करुण ही अन्य रसों के रूप में परिणत होता है। भवभूति ने यद्यपि अनेक रसों का वर्णन किया है। करुण रस उनका प्रधान रस है। क्योंकि करुण रस अंगी है और श्रृंगारवीर अद्‌भुत, रौद्र, हास्य, भयानक, वीभत्स, वात्सल्य और शान्त अंग (सहायक) हैं। उत्तर राम चरित में करुण रस पर्याप्त मात्रा में वर्णित हुआ है तथापि अन्य रसों का सुन्दर समन्वय हुआ है।

—हरिसिंह

पूर्ववर्ती कवियों का मुरारि पर प्रभाव

संस्कृत-नाट्य-साहित्य में मुरारि से पूर्व अनेक प्रमुख नाटककारों का आविर्भाव हो चुका था। महाकवि भवभूति संस्कृति-नाट्य-साहित्य में अपने अगाध पाण्डित्य और असाधारण प्रतिभा के बल पर एक महत्त्वपूर्ण स्थान प्राप्त कर चुके थे। भवभूति के पश्चात् संस्कृत-नाट्य-साहित्य अवनति के पथ पर था। ऐसी स्थिति में जिस प्रकार माघ ने भारवि को दृष्टि में रखकर काव्य-रचना की, उसी प्रकार मुरारि ने भी भवभूति से अपने को श्रेष्ठ प्रमाणित करने के लिए 'अनर्घराघव' नामक नाटक की रचना की, परन्तु भवभूति जैसी काव्य-गरिमा को मुरारि स्पर्श न कर सकें।

कथानक के ग्रहण में तो मुरारि मुख्यतया वाल्मीकि के ही ऋणी हैं, परन्तु विषय-साम्य, भाव-साम्य एवम् उक्ति-साम्य के आधार रूप में वे अपने पूर्ववर्ती भास, कालिदास, माघ, भवभूति आदि कवियों से भी प्रभावित हैं, क्योकि पूर्ववर्ती कवियों द्वारा वर्णित कथानक उत्तरवर्ती कवियों को प्रभावित करता ही है, यह एक निर्विवाद तथ्य है। प्रस्तुत शोध-लेख में इसी विषय पर विचार किया गया है।

—कमला देवी

आधुनिक संस्कृत महाकाव्यों में श्री शिवगोविन्द त्रिपाठी विरचित 'श्री गान्धिगौरवम्' का स्थान

'श्री गान्धिगौरवम्' नामक यह महाकाव्य श्री शिवगोविन्द त्रिपाठी द्वारा विरचित है। श्री शिवगोविन्द त्रिपाठी का जन्म उत्तरप्रदेश के अन्तर्गत 'नेमिषारण्य'

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नामक पवित्र तीर्थ के निकट 'हरदोई' जनपद स्थित 'सण्डीला' नामक नगर के बरौनी मुहल्ले में हुआ था। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रति श्री शिवगोविन्द त्रिपाठी के हृदय में अपार श्रद्धा है। अतएव उन्होंने उन युग प्रवर्तक के जीवन को आधार मानकर इस ग्रन्थ की सर्जना की है। श्री त्रिपाठी जी ने गांधी की राष्ट्रिय भावना एवं भारतीय संस्कृति की सर्वात्मना रक्षा की कामना; प्रजा को अन्याय से मुक्ति की कामना, विषमता के भावों को पनपने नहीं देने की कामना आदि भावनाओं से प्रेरित होकर 'श्री गान्धिगौरवम्' नामक महाकाव्य की सर्जना की और गांधी जी की उत्तमोत्तम भावनाओं को इस महाकाव्य के माध्यम से सम्प्रेषित किया।

—कुमुद टण्डन

संस्कृत साहित्ये लघुकथोपन्यासयोः उद्भवः विकासश्च

विशंशताब्द्यां वैज्ञानिकोत्कर्षः राजनीतेश्च सामान्यजनैस्सहाभिसम्बन्धः विश्वेन सममेव भारते पि नवीनं वातावरणं निर्मितवन्तौ। अस्यां शताब्द्यां परिवर्तिते वातावरणे लोकजीवने विविधासु च कलासु अतितरं परिवर्तनं समजायत्। साहित्यस्य क्षेत्रेप्यस्मिन् युगे परिमितं परिवर्तनं दृष्टिमायाति। गद्यस्य क्षेत्रे पि प्रचुरतरं साहित्यं दृश्यते यस्मिन् लघुकथा उपन्याससा (कथाख्यायिके त्रैवान्तर्भूताः) च वर्तन्ते। अस्मिन् साहित्ये परम्परायाः परिपोषस्त्वस्त्यैव भेतौ प्यधिकं युगः[illegible] परिचयः लभ्यते।

कथाया आख्यानस्य घटनायाः वा लालित्यमयैर्गद्यैगुम्फनमेवाद्य सामान्यतः कथासाहित्यं कथ्यते। तत्र द्वौ भेदौ दृष्टौ—लघुकथा उपन्यासश्च। जीवनस्य किमप्येकं चित्रं घटनां दृश्यफलकं चरित्रर्विा च्छति वा मनोरमतया संक्षिप्य प्रस्तुवत् कथानकस्वरूपं लघुकथायाः प्रमुखं लक्षणम्। समग्रस्य कथाफलकस्य सर्वाङ्गपूर्णत्वेन गुम्फनं विशालं विस्तृतं कथानकनिबन्धमुपन्यासस्य भेदकम्। लघुस्वरूपिण्यः खण्डकथाः वर्तन्ते या लघुकथा (कहानी) नाम्नाभिधीयन्ते। इत्थं लघुकथोपन्यासविषयोः उद्भवः विकासश्च लोकरजनाय प्रस्तूयते।

—ओमप्रकाश तिवारी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रत्नावली नाटिका में वृत्ति-विधान

नाट्यशास्त्र में नायक के नाटक के रसानुरूप मानसिक, वाचिक और कायिक व्यापार को ही वृत्ति कहा गया है—'तद्व्यापारात्मिका वृत्तिः' । इसीलिए विश्वनाथ ने— ' वाचकादिव्यापारविशेषानाटकादिषु में 'व्यापार विशेष' शब्द का प्रयोग किया है तथा धनिक ने 'प्रवृत्तिरूपः' यह विशेषण दिया है ।

कवि नायक आदि के इन व्यापारों को अपने हृदय में रखकर ही काव्य रचना करता है, इसी लिए आचार्यों ने, 'काव्यानां मातृकावृत्त्यः' नाट्यस्य मातृकाः' कहकर वृत्ति को काव्य की जननी माना है ।

आचार्य भरत तथा उनके परवर्ती सभी नाट्यशास्त्रकारों ने कैशिकी, सात्वती, आरभ टी तथा भारती ये चार प्रकार की वृत्तियों के भेदकधर्मः कायिक, वाचिक, मानसिक व्यापारों में से किसी एक अंश की प्रधानता तथा रसभेद और अभिनय भेद, माने जाते हैं । नाट्य में ये वृत्तियां भी रस, भाव तथा अभिनय का अनुसरण करती हैं—'रसभावाभिनयगाः' । अतः श्रृङ्गार में कैशिकी, वीर में सात्वती, रौद्र तथा वीभत्स में आरभटी का विधान है । भारती वृत्ति सब रसों के अनुकूल है ।

अभिनवगुप्त ने चारों वृत्तियों का स्वरूप संक्षेप में इस प्रकार बताया है—'पाठ्यप्रधाना भारती, अभिनयप्रधान सात्वती, अनुभावाद्यावेशमयरस-प्रधानारभटी, गीतवाद्योपरञ्जकप्रधाना कैशिकीति ।'

—रीता तिवारी,

डा. राजेन्द्रमिश्रका नवगीत साहित्य

वर्तमान शती के अत्यन्त लोकप्रिय संस्कृत नवगीतकार अभिराज डा. राजेन्द्र प्रसाद मिश्र की तीन गीत परक कृतियां अब तक प्रकाश में आई हैं—वाग्वधूटी, मृद्वीका तथा श्रुतिम्भरा । इन तीन गीतसंकलनों में कवि के लगभग १५० सुमधुर गीत संकलित हैं । मधुपर्णी नामक एक चौथा गीत संकलन अभी प्रकाशनाधीन है । इसके अतिरिक्त बालोपयोगी रुचिरगीतों का संग्रह "कौमारम्" भी अभी संकलन की प्रक्रिया में है । "कौमारम्" के प्रायः समस्तगीत पिछले दो-तीन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वर्षों में अरविन्दाश्रमपाण्डिचेरी की संस्कृतमुख-पत्रिका "लोकसंस्कृतम्" में प्रकाशित होते रहे हैं।

वाग्वधूटी की भूमिका में डा. मिश्र ने अपनी गीत रचना प्रक्रिया को पं. जानकी वल्लभशास्त्री और पं. प्रभात शास्त्री की विरासत स्वीकार किया है। इसी प्रकार श्रुतिम्भरा की भूमिका "मदीया काव्ययात्रा" में कवि ने अपनी रचना प्रक्रिया के उद्भव और विकास का अत्यन्त प्रामाणिक और आत्मीय विवरण प्रस्तुत किया है। डा. मिश्र ने बड़ी ईमानदारी से स्वीकार किया है कि पिता श्री के असामयिक निधन से उत्पन्न वात्सल्य के अभाव ने ही उनकी कविता को मुखरित किया। इस प्रकार जनकोचित स्नेह एवं संरक्षण की पिपासा ने ही कवि को लिखने की प्रेरणा दी।

—जगदीश चन्द भारद्वाज

अभिज्ञान शाकुन्तल में पर्यावरण चेतना

विद्वज्जगत् में श्रृंगार रस की अमर कृति के रूप में प्रसिद्ध अभिज्ञान शाकुन्तल दृष्टिकोण की भिन्नता के कारण मुझे पर्यावरण की सुरक्षा हेतु प्रेरित करने वाली संस्कृत साहित्य की अमर कृति प्रतीत होती है। इस दृष्टि से अधीत यह नाटक श्रृंगार एवं पर्यावरण चेतना रूपी अर्थद्वय का वाचक होने के कारण द्विसन्धान नाटक प्रतीत होता है।

नाटक का प्रथम श्लोक "या सृष्टि स्रष्टुराद्या" ॥— ॥ पर्यावरण के घटकों जल, अग्नि, हवि, (वनस्तपति), यजमान (समस्त प्राणी), सूर्य-चन्द्र, आकाश पृथ्वी एवं वायु के प्रति शिवत्व दृष्टि रखने की प्रेरणा देता है। इसी प्रकार नाटक के अन्त में प्रयुक्त "प्रवर्ततां प्रकृतिहिताय पार्थिव:" (७-३५) आदि भरतवाक्य भी प्रकृति पद की श्लिष्टता के कारण प्रकृतिहित एवं प्रजाहित भी बात करता है। दोनों ही अर्थ पर्यावरण सुरक्षा के समर्थक हैं क्योंकि प्रकृति का अर्थ पर्यावरण न लेकर यदि प्रजा भी ग्रहण किया जाए तो भी स्पष्ट है कि प्रजाहित की पर्यावरण सुरक्षा पर ही निर्भर है। अत: अद्यान्त दोनों पद्यों को पर्यावरण परक होना इस तथ्य का प्रामाण्य हैं कि यह कृति पर्यावरण चेतना से सम्बन्धित है।

—लेख राम शर्मा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अभिराज डॉ. राजेन्द्र मिश्र प्रणीत विद्योत्तमा नाटिका

एक मूल्यांकन

अर्वाचीन संस्कृत-साहित्य के भण्डार को अपनी नित्य नवीन एवं वैविध्यपूर्ण कृतियों से भरने वाले देश के प्रतिष्ठित साहित्यकार अभिराज डा. राजेन्द्र मिश्र ने अब तक जो पुष्कल साहित्य सर्जना की है उनमें महाकाव्य, खण्डकाव्य, नवगीत-संग्रह, कथासंग्रह, तथा एकांकी संग्रह के अतिरिक्त, उनकी दो स्वतन्त्र नाटिकाएं-प्रमद्वरा एवं विद्योत्तमा अपना प्रमुख स्थान रखती है । ये दोनों नाटिकाएं नाट्यशास्त्रीय मान्यताओं के आधार पर लिखी गई कवि की स्वतः स्फुरित कल्पनाओं एवं प्रकरण वक्रताओं से युक्त महत्त्वपूर्ण कृतियां हैं । अन्तर इतना ही हैं कि प्रमद्वरा पौराणिक आख्यान पर आधारित नाट्यकृति है जबकि विद्योत्तमा एक विशुद्ध ऐतिहासिक कृति है ।

—शर्मा राजेश

चन्द्रकला नाटिका में रस-योजना

रसो वै सः रस ह्येवायं लब्ध्वाऽऽनन्दी भवति ।

इस श्रुति वचन से रस-तत्व की अलौकिकता का प्रतिपादन हुआ । साहित्य दर्पणकार आचार्य विश्वनाथ ने "ब्रह्मास्वाद सहोदरः" रस को काव्य की आत्मा "वाक्यं रसात्मकं काव्यं" स्वीकार किया है ।

'चन्द्रकला नाटिका विश्वनाथ कविराज की अनुपम कृति है । इस नाटिका में नायक चित्ररथ देव तथा नायिका चन्द्रकला का प्रणय व्यापार दिखाया गया है । चन्द्रकला नाटिका का अंगी रस श्रृंगार, है, जो नाटिका की योजना के अनुरूप है । श्रृंगार के साथ अद्भुत, वीर हास्यादि रसों की, भी यथास्थान योजना है । किन्तु ये सभी रस अंग रूप से प्रयुक्त होकर अंगी रस की ही पुष्टि करते हैं ।

—शर्मा अनुराधा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विभिन्न रामकथाओं में हनुमान् के आभूषणों का उल्लेख

विभिन्न रामकथाओं में हनुमान् के कर्ण-कुण्डलों का उल्लेख मिलता है। यथा—

"कंचन वरन विराज सुवेसा

कानन कुण्डल कुंचित केसा।

संस्कृत रामकथाओं मे से "पद्मपुराण" (पाताल खण्ड, ११२, १३५) में लिखा है कि जब राम लक्ष्मण की गोद में सिर रखकर विश्राम कर रहे थे, उन्होंने एक "मणिकुंडल हेमपिंगलं वानरम् को देखा था।

अन्य भारतीय भाषाओं की राम कथाओं तथा विदेशी रामकथाओं में भी हनुमान के आभूषणों का उल्लेख मिलता है। जैसे तेलुगु भाषा की "रंगनाथ रामायण" (४.३२) के अनुसार हनुमान् की तपस्या से प्रसन्न हो कर ब्रह्मा ने वर देते हुए कहा—जो तुम्हारे शरीर के आभूषणों को देख सकेगा वही तुम्हारा स्वामी और प्रभु होगा। सिंहल देश की रामकथा सेरीराम के अनुसार जन्म से ही उनके कान कुण्डलों से अलंकृत थे,

—सरिता निर्मल

मालविकाग्निमित्रम् में हास्य

४०० से ४५० वीं शती के बीच महाकवि कालिदास रचित यह नाटक प्रेमकथा पर आधारित है इसमें राजा अग्निमित्र और मालविका की प्रणय कथा वर्णित है।

हास्य मानव जीवन का अभिन्न अंग है। बालक अपनी अबोध अवस्था में भी हंसने की क्रिया करता है, हास्य मानव स्वास्थ्य की सर्वोत्तम औषधि है कालिदास की इस कृति में हास्य की आनन्ददायिनी निर्झरिणी पूर्ण वेग से प्रवाहित होती है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शिवप्रतापविरुदावली का साहित्यिक वैशिष्ट्य

इस शोधपत्र में पं. हजारीलाल शास्त्रीकृत शिवप्रतापविरुदावली में प्रतिपादित गुण, रीति एवं भाषाशैली पर ही विचार किया गया है। शिवप्रताप विरुदावली में वीर, बीभत्स एवं रौद्ररस का वर्णन प्रचुरमात्रा में पाया जाता है। अत: चित्त का विस्तार ओजगुण में होने के कारण इसी का प्रयोग अधिक हुआ है। श्रृंगार रस न होने पर भी करुण तथा शान्तरस के पदों में माधुर्यगुण का प्रयोग देखा जाता है। प्रसादगुण चूंकि सभी रसों में उपलब्ध होता है, अत: प्रसादगुण भी पाया गया है। लेकिन इस कृति में ओज व प्रसाद का अधिक प्रयोग तथा माधुर्य का कम प्रयोग मिलता है।

पद्यों में रचित होने के कारण शिवप्रतापविरुदावली में वैदर्भी एवं गौड़ी रीति का प्रयोग अधिक किया गया है। कहीं-कहीं पाञ्चाली रीति के भी दर्शन होते हैं।

—सुरेन्द्र कुमार

संस्कृत-साहित्य को हरियाणा का योगदान

हरियाणा वैदिक काल से ही विख्यात नामा रहा है। इसे आर्यावर्त, ब्रह्मावर्त ब्रह्मर्षि प्रदेश, ब्रह्मा की उत्तरवेदी कुरुजनपद, श्री कंठजनपद, सारस्वत हरियाणा और हरयाणा आदि अनेक नामों से बुलाया गया है।

इसकी पवित्र भूमि पर प्राचीन समय में सरस्वती और दृषद्वती नदियां बहती रही हैं। उनके सुरम्यतटों पर वसिष्ट, भरद्वाज, जमदग्नि चित्र, पुरु और नहुष आदि ऋषियों के आश्रम विराजमान थे। सुदूर अतीत में उन ऋषियों ने ऋग्वेद, यजुर्वेद, अथर्ववेद, ऐतरेय, तैत्तिरीय ब्राह्मण, शाखायन आरण्यक, बृहदारण्यक छान्दोग्य, जाबालादि उपनिषद्, कात्यायन लाट्यायन, आपस्तम्ब, बोधायन आदि कल्प सूत्र, सांख्यशास्त्र आदि वैदिक लौकिक काव्य के एक बहुत बड़े भाग को प्रणीत किया है।

—शर्मा रामेश्वर दत्त

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

किरातार्जुनीय में यमक : एक विश्लेषण

आवृत्ति भाषा के मार्दव को मुखरित करती है। स्वर व्यंजन के समुदाय की आवृत्ति और क्रम से श्रवण यमकालंकार का विषय है। पुनरुच्चार और नादबन्ध द्वारा भावनाविकार अमृत-कल्लोल की तरह मानस को आनन्दित करता है। इन्हीं आनन्द लहरियों को विशिष्ट आवर्तों में पुरस्कृत करना यमक का कार्य है। इस शोध पत्र में किरातर्जुनीय में प्राप्त यमक के—(१) विक्रान्तयमक, (२) समुद्रकयमक, (३) महायमक, (४) पादादियमक, (५) पादमध्ययमक, (६) पादान्तवृत्ति यमक, (७) पादाद्यन्त यमक, (८) पादमध्यान्तयमक, (९) पादान्तादि यमक भेदों का उपभेदों सहित उदाहरणों द्वारा स्पष्टीकरण किया है।

—सरोज भनोट

चक्रव्यूहम् : आधुनिकता के परिप्रेक्ष्य में

हरियाणा सरकार द्वारा १९७१-७२ में अखिल भारतीय गीता पुरस्कार प्रतियोगिता में सर्वोत्तम कलाकृति के पुरस्कार से सम्मानित 'चक्रव्यूहम्' का कथानक यद्यपि महाभारत के द्रोणपर्व के कुरुक्षेत्र युद्ध में हुए चक्रव्यूह भेदन से सम्बद्ध है किन्तु इसका उद्देश्य मुख्यत: आधुनिक काल में भारतीयों में लुप्त होती जा रही है देश प्रेम की भावना को वीर बालक अभिमन्यु द्वारा मातृभूमि की रक्षार्थ प्राणों को उत्सर्ग कर देने की कथा के द्वारा वर्तमान युवापीढ़ी मे शौर्य और तेजस्विता के साथ-साथ राष्ट्रीय प्रेम की उदात्त भावना का संचार करना है जो देश की आधुनिक परिस्थितियों की सर्वाधिक मांग है।

—शर्मा मीरा

वाल्मीकिरामायण में रीति

आचार्य वामन के अनुसार रीति उसी तरह काव्य का जीवनाधायक तत्त्व है जैसे शरीर के लिए उसका जीवनाधायक तत्त्व आत्मा होता है। उनके अनुसार वैदर्भी, गौड़ी एवं पाञ्चाली के भेद से रीति तीन हैं। इन रीतित्रय के अन्तर्गत काव्य वैसे ही प्रतिष्ठापित रहता है जैसे रेखाओं के भीतर चित्र "एतासु तिसृषु रीतिषु रेखास्विव चित्रंकाव्यं प्रतिष्ठितमिति"।

—सिंह अनिलकुमार

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अभिज्ञानशाकुन्तलम् में छन्द-प्रयोगविषयक मनोविज्ञान

जिस प्रकार विभिन्न प्रकार के काव्यगत गुणों के आधार पर किये गये वर्गों के प्रयोग पृथक् पृथक् रस भाव तथा अलंकारादि के व्यंजक होते हैं, उसी प्रकार उन-उन विशिष्ट रसों की व्यंजना के लिए भिन्न-भिन्न छन्दों का विधान प्राप्त होता है, उसी तथ्य को समक्ष रखते हुए प्रस्तुत लेख में यह स्पष्ट करने का प्रयत्न किया गया है कि शाकुन्तलम् में किये गये छन्द प्रयोग का क्या मनोविज्ञान रहा होगा। वस्तुत: नाटक में गद्य-पद्यमयी भाषा होने के कारण कुछ ऐसे वर्णन या विचार होते हैं जिन्हें सहृदय तक सहजता से सम्प्रेषित करने के लिए छन्दोमयी वाणी का प्रयोग स्वाभाविक हो जाता है। नाट्यशास्त्र के परिप्रेक्ष्य में छन्दों का संगीत से सम्बन्ध स्थापित करने का प्रयत्न किया गया है। छन्दौचित्य पर भी प्रकाश डाला गया है।

—शर्मा अनिता

विभिन्न शास्त्रों में महावाक्य की संकल्पना

काव्यशास्त्र तथा दर्शनशास्त्र इन दोनों में महावाक्य का उल्लेख हुआ है। परन्तु इन दोनों में उल्लिखित महावाक्य की संकल्पना में मूलभूत अन्तर है। इसी प्रकार आज शैली विज्ञान में प्रोक्ति की संकल्पना विद्वानों के समक्ष उभर कर आई है। यह प्रोक्ति वाक्योपरि इकाई मानी गई है जिसे मुख्य आधार मान कर शैली वैज्ञानिक समीक्षा की जाती है। परन्तु प्रोक्ति की यह संकल्पना काव्यशास्त्र के महावाक्य के साथ बहुत कुछ साम्य रखती हैं। पाणिनि ने अपनी अष्टाध्यायी में इस महावाक्यता को मस्तिष्क में रख कर अधिकार सूत्रों की रचना की है। परन्तु विभिन्न शास्त्रों में प्रदर्शित इन सब में मूलभूत अन्तर है। प्रस्तुत पत्र में इसी साम्य और वैषम्य पर विचार किया जाएगा।

—सिंहल, उषा

संस्कृत काव्यशास्त्र को नरसिंहकवि की देन

'अभिनव कालिदास' की उपाधि से विभूषित नरसिंहकवि ने मुख्यतया विद्यानाथप्रणीत प्रतापरुद्रयशोभूषण (प्रतापरुद्रीय) का अनुकरण करते हुए अठारहवीं शताब्दी के मध्य में 'नञ्जराज यशोभूषण' नामक सातविलासों में

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विभक्त काव्यशास्त्रीय एवं नाट्यशास्त्रीय ग्रन्थ का सरल, सुबोध एवं प्रभावशाली शैली में प्रणयन किया है। आपाततः ऐसा प्रतीत होता है कि लेखक के आश्रयदाता नञ्जराज (१७००-१७७३ ई.) का यशोगान ही इस ग्रन्थ का प्रतिपाद्य है, किन्तु वास्तविकता यह है कि अपने आश्रयदाता की प्रशस्ति के माध्यम से काव्यशास्त्रीय एवं नाट्यशास्त्रीयतत्वों का सम्यक्तया निरूपण करना ही ग्रन्थकार का परम लक्ष्य है।

काव्यशास्त्रीय तत्त्वों का निरूपण करने में नरसिंह कवि ने यद्यपि विद्यानाथ आदि पूर्ववर्ती आचार्यों का अत्यधिक अनुकरण किया है, तथापि कहीं-२ मतभेद है, नवीन, युक्तियुक्त उद्भावनाएं प्रस्तुत की हैं। विद्यानाथ ने शुद्ध ध्वनियां इकावन मानी हैं। इस विषय में उन्होंने जो निमित्त दर्शाया है, उस पर इन्होंने आक्षेप करते हुए केवल तीस शुद्ध ध्वनियां प्रतिपादित की हैं।

—स्नेही प्रीतसिंह

नाट्याख्य : पञ्चमो वेदः

नाट्य (दृश्यकाव्य) को पांचवे वेद के रूप में स्वीकार किया गया है। यद्यपि नाट्य के शास्त्रीय पक्ष का सर्वप्रथम विवेचन भरतमुनि से पूर्व पाणिनि के समय (५ ई. पू.) में "पाराशर्यशिलालिभ्यां भिक्षुनटसूत्रयोः" सूत्र के माध्यम से प्राप्त होता है, जिसमें शिलालिन् द्वारा रचित नटसूत्रों की चर्चा की गयी हैं, तथापि पाणिनि के अनन्तर भरतमुनि (२ ई. पू.) तक पुनः किसी नाट्यशास्त्रीय ग्रन्थ का न तो उल्लेख प्राप्त होता है और न ही कोई ग्रन्थ। अतः नाट्यशास्त्र में वर्णित कुछ विषयों के प्रति जिज्ञासा बनी रहती है कि नाट्यशास्त्र का विकास क्रम क्या रहा होगा तथा किन किन परिस्थितियों में नाट्यशास्त्र ने अपने में शिल्पकला, सङ्गीतकला, छन्दशास्त्र अभिनयशास्त्र तथा रसशास्त्र को समाहित किया है।

—सिन्हा, प्रीति

माघकाव्य में समागत पुराख्यानों की समीक्षा

प्रकृत प्रसङ्ग में महाकवि माघ के महाकाव्य शिशुपालवधमें समागत पुराख्यान समीक्ष्य हैं। प्रस्तुत शोधनिवन्ध में निम्नांकित बिन्दुओं [illegible] गत कर विचार किया जायेगा—

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१. पुराख्यान का तात्पर्य ।

२. पुराख्यानों की कोटियां—या वर्गीकरण-देवकोटि, ऋषि कोटि आदि ।

३. औपम्य विधान के रूप में पुराख्यानों का प्रयोग ।

४. मूलकथावस्तु अथवा प्रतिपाद्य को सार्थक बनाने में उनकी उपयोगिता ।

५. पुराख्यानों का पौराणिक सन्दर्भ ।

६. पुराख्यानों का विभिन्न शास्त्रों तथा व्याकरण दर्शन आदि से सम्बन्ध ।

७. प्रबन्ध-निर्वाहकता में पुराख्यानों का औचित्य ।

८. पुराख्यानों का सांस्कृतिक संदेश ।

९. निष्कर्ष या उपसंहार ।

—शुक्ल, शिवाकान्त

स्व. रामदीन पाण्डेय का बापोश्चरितम्:एक समीक्षा

(१) संक्षिप्त प्रारूप

(क) आधुनिक संस्कृत साहित्य एवं रामदीन पाण्डेय

(ख) रामदीन पाण्डेय का संक्षिप्त परिचय एवं संस्कृत सेवा

(ग) (१)बापोश्चरितम्की कथा वस्तु एवं चरित्र चित्रण

(२) बापोश्चरितम् में स्वतंत्रता आन्दोलन की झलक

(३) बापोश्चरितम् पर काव्यशास्त्रीय विचार

(घ) उपसंहार

भास एवं कालिदास के साहित्य में लता एवं लतामंडप

संस्कृत साहित्य में लता शब्द बेल, फैलने वाला पौधा, विशेष रूप से "भुजा", "भौंह" "बिजली" आदि अर्थों को प्रकट करने वाले शब्दों के साथ समासान्त में, सौंदर्य, कोमलता तथा पतलेपन को प्रकट करने आदि के लिए किया गया है । प्रस्तुत शोध निबंध में भास एवं कालिदास के साहित्य में सामान्य लता,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उपमागत लता, लता की सौंदर्यता, आरण्यक लता, उपवन लता, जलीय लता, लताओं का मानवीयकरण, लताओं की उपयोगिता, विवाहित लता, लतागृह का स्वरूप तथा इनकी उपयोगिता आदि का वर्णन है, जिसका तुलनात्मक अध्ययन किया गया है।

—शर्मा संतोष कुमार

पण्डितबालकृष्णविरचित शारदामणिलीलाचरित महाकाव्य : एक परिचय

कुरुक्षेत्र भूमि के अन्तर्गत कैथल जिले के क्योड़क ग्राम में इस शताब्दी के दूसरे दशक में उत्पन्न भारद्वाजकुलतिलक श्री बालकृष्ण द्वारा रचित शारदामणिलीलाचरित नामक महाकाव्य में परमसिद्ध रामकृष्ण परमहंस की धर्मपत्नी के जन्म और पावन परिणय के वृत्तान्त के साथ-साथ शारदामणि के दिव्यचरित्र को सरस्वती, लक्ष्मी और माया के रूप में निरूपित किया गया है। ग्यारह सर्गों वाले इस महाकाव्य में कविवर ने बंगप्रदेश की इस प्रख्यात कथा को अत्यन्त मनोरम शैली में प्रस्तुत किया है। प्रसंगानुकूल छन्दों की विविधता और अहमहमिकया अवतरित अलंकारों की छटा से यह महाकाव्य अत्यन्त मनोग्राही बन गया है। यथाप्रसंग प्रकृतिचित्रण के अन्तर्गत चावलों के लहलहाते खेत, तालवनों और वेणुवृक्षों की सुन्दर-सुन्दर कतारें, कलकल करती अमोदर नदी, झरने और पर्वत आदि प्राकृतिक उपादान अपनी सुषमा से पाठको को बलपूर्वक बांधे रखते हैं। रस और भाव की अभिव्यञ्जना के अनुरूप पदशय्या महाकवि की शैली का प्रमुख वैशिष्ट्य है।

प्रस्तुत शोध-प्रबन्ध में इस अभिनव कृति का सर्वाङ्गीण परिचय प्रस्तुत किया गया है।

—शर्मा, अरुण

डा. सत्यव्रतशास्त्रिकृत रामकीर्ति महाकाव्य का वैशिष्ट्य

भारत के निकटवर्ती देशों के साहित्य में रामकथा की अद्वितीय व्यापकता एशिया के सांस्कृति इतिहास का एक अत्यन्त महत्त्वपूर्ण तत्त्व है। ऐतिहासिक महाकाव्यों की परम्परा में महाकवि डा. सत्यव्रतशास्त्रिप्रणीत श्री रामकीर्ति

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

महाकाव्य एक उत्कृष्ट रचना है जो थाइलैंड में प्रचलित रामकथा के आधार बनाकर लिखी गई है। यह पच्चीस सर्गों में विभक्त है। थाइलैंड की रामकथा भारतीय रामकथा से पर्याप्त परिवर्तित रूप लिए हुए है। उदाहरणार्थ-भारतीय रामायण में जो हनुमान् शोकनाशक, भयहर्ता, रामभक्त, पराक्रमी तथा ब्रह्मचारी है, वही हनुमान् भारतीय कपिराज से पूर्णतया विपरीत दृष्टिगोचर होते हैं। थाई देश के काव्य में हनुमान् के एकाधिक प्रणय-प्रसंग वर्णित हैं। वे सुन्दर युवतियों से प्रेम करते हैं तथा उनसे प्रणय-याचना भी करते हैं। स्नेही पिता होना भी उनके चरित्र की एक मुख्य विशेषता है। भारतीय रामायण के आराध्य देव राम थाई कथानक में देवोचित सभी गुणों के साथ साथ मानवीय चारित्रिक दुर्बलताओं से भी युक्त हैं।

—शर्मा पूनम

अर्वाचीन संस्कृत-लघुकाव्य-प्रवृत्तियाँ और विधायें

अर्वाचीन संस्कृत-लघुकाव्य उन्नीसवीं एवं बीसवीं शताब्दी की देन है। इस काल की परिस्थितियों ने लघुकाव्य का स्वरूप-निर्धारण किया। युगानुरूप विषय-वैविध्य एवं शैली-वैविध्य के आधार पर लघुकाव्य की प्रवृत्तियों और विधाओं का प्रवर्तन हुआ, जिन्हें सामान्यतया इस प्रकार वर्गीकृत किया जा सकता है—पुराकथाश्रित काव्य, देवस्तुति परक काव्य, राष्ट्रभक्तिपरक काव्य, चरित नायक परक काव्य, सामाजिक समस्यामूलक काव्य, शुद्धरसात्मक काव्य शुद्ध रसात्मक काव्य, प्रकृतिवर्णनपरक काव्य, दूतकाव्य या सन्देश काव्य, अन्योक्तिपरक काव्य, हास्य-व्यंग्य परक काव्य, वैदेशिक यात्रावृत्तविषयक काव्य, अन्तरराष्ट्रिय चेतनापरक काव्य, छन्दोमुक्त निर्बन्ध काव्य, बालकाव्य, शतक काव्य, लहरीकाव्य, चित्रकाव्य, नीति सूक्तिपरक काव्य, प्रकीर्ण काव्य, अनूदित काव्य आदि। संस्कृत-लघुकाव्य की इन विविध प्रवृत्तियों और विधाओं का पर्यालोचन करने के बाद यह निष्कर्ष निकलता है कि आधुनिक युग में लघुकाव्य ने विविध नये रूप धारण किये हैं, उनका बहुमुखी विकास हुआ है और उसने आधुनिक युग की अनेक धाराओं में प्रवाहित होकर अपना क्षेत्रविस्तार किया है। इन विविध धाराओं और विषय-विस्तारों को ध्यान में रखकर ही इन लघुकाव्यों का प्रस्तुत वर्गीकरण किया गया है।

—शर्मा हरिदत्त

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आचार्य बुद्धघोष-एक अनालोकित संस्कृत बौद्ध महाकवि

एक गुमनाम किन्तु आलोक में आने हेतु सर्वथा समर्थ महाकवि है—आचार्य बुद्धघोष। विद्वान् उन्हें पालि अट्ठकथाकार ही मानते रहे। संस्कृत साहित्य की अमूल्य निधि "पद्यचूड़ामणि" को अभी अपेक्षित लोकप्रियता मिलना प्रतीक्षित है। समग्रकाव्योचित गुणों से समन्वित इस सरस महाकाव्य में कवि की अनेक मौलिक कल्पनाएं दृष्टव्य हैं। प्रकृति-वर्णन अपने समग्र सुन्दर रूपों से सहृदयों को रसप्लावित करने में सक्षम हैं। पौराणिक कथाओं का सन्दर्भ, मानवीय संवेदनाओं का पुट, नवीन उत्प्रेक्षाऐं, सुन्दर उपमाएं तथा अनुप्रास से उत्पन्न नाद-मार्दव से कवि की शैली की प्रौढ़ता व गरिमा प्रमाणित हैं। संस्कृत-साहित्येतिहासकारों व आलोचकों ने अश्वघोष व बुद्धघोष के महाकाव्यों की समान रूप से जहां समीक्षा नहीं की वहीं कुछ अलंकार शास्त्री केवल पंचमहाकाव्यों की ही विवेचना में मगन रहते हुए बुद्धघोष की ओर नहीं देख सके। इस प्रकार अनेक साहित्यक गुणों वाला महाकाव्य "पद्यचूड़ामणि" उपेक्षित रह गया। पाणिनीयव्याकरण, पातंजलयोग, कापिल सांख्य तथा वेदपुराणों के मर्मज्ञ इस ब्रह्मण-श्रमण महाकवि की विशेषता यह है कि उसने भगवान् तथागत के जीवन पर आधारित अपने इस महाकाव्य, "पद्यचूड़ामणि", जिसका एक और नाम "सिद्धार्थ चरितम्" भी है, में जहां प्रज्ञा, करुणा तथा पारमिता का वर्णन किया है, वहीं विष्णु, शिव, वामन, वाराह आदि अवतारों की चर्चा के साथ षोडष संस्कारों का भी विस्तृत उल्लेख किया। ग्रन्थ में "लुम्बिनी" "राहुल" तथा "यशोधरा" जैसे कई प्रसिद्ध पात्रों तथा स्थानों के नाम का अवर्णन शोध जिज्ञासा व कवि कल्पना का विषय है। काव्य पर वैष्णव परम्परा का प्रभाव दिखाई देता है। इसके विस्तृत अध्ययन व अनुसन्धान से संस्कृत साहित्य की श्री वृद्धि होगी ऐसा विश्वास है।

—शर्मा, महेश

मकरन्दिका : एक आधुनिक गद्यकथा

२० वीं शताब्दिक गुर्जरप्रदेशीय संस्कृत-कवि जगदीशचन्द्र प्राणशंकर आचार्य-रचित 'मकरन्दिका' उत्तर-प्रदेश संस्कृत अकादमी द्वारा पुरस्कृत एक आधुनिक गद्यकथा है। प्रस्तुत कृति का मूल्यांकन सर्जकपरिचय, कथा गूंफन, गद्यकथा, काव्य-तत्त्व, कर्ता का विविध-विषयक ज्ञान एवं कथा-सन्देश इत्यादि अंशो द्वारा इस लेख में किया गया है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रस्तुत कृति में बाण-कादम्बरी की शैली एवं नीति-रीति के अनुसार राजवी-परिवारों की संतानों की तीन प्रणय-परिणय-कथाओं का सन्निवेश हुआ है। कथावस्तु के संयोजन में और वर्णन चित्रों के आलेखन में बाण का प्रभाव परिलक्षित होता है। आलंकारिकों के द्वारा दर्शित गद्यकाव्य-कथा के प्रमुख लक्षणों की दृष्टि से 'मकरान्दिका' कथा प्रकार का गद्यकाव्य है।

—हिण्डोचा हंसा

गुहावासी उपन्यास में चैतन्य के आयाम

स्वप्न में हमें अनेक प्रकार के अनुभव होते हैं जो कि सामान्यतया हमारी जाग्रत अवस्था से सम्बन्धित होते हैं। संस्कृत साहित्य की कुछ कृतियों जैसे—स्वप्नवासवदत्ता, अभिज्ञानशाकुन्तलम् और मृच्छकटिक में स्वप्न की कुछ दशाओं की प्रस्तुति की गयी है। इन कृतियों में स्वप्न का प्रयोग नाममात्र के लिए किया गया है। प्रो. सत्यप्रकाश सिंह ने अपने गुहावासी उपन्यास में स्वप्न के माध्यम से चैतन्य के विभिन्न आयामों का चित्रण किया है। स्वप्न की विभिन्न स्थितियों में पृथक-पृथक अनुभव होते हैं। चैतन्य की निम्न अवस्था अवचेतन कहलाती है। इसमें राग-द्वेष, कामवासना आदि विकारों का अनुभव होता है। प्रस्तुत उपन्यास में दोरोथी तथा नीरूप के प्रेमी-प्रेमिका के रूप में साधना करने की पद्धति इसी प्रकार की प्रस्तुति है। स्वप्न के और अधिक गहन होने पर चैतन्य की गुणात्मकता में उत्कर्ष होता है और व्यक्ति कामादि विकारों से ऊपर उठकर शान्त मन से प्रकृति के सुरभ्य रूप का दर्शन करता है। गुहावासी में हिमालय आदि का दर्शन इसी प्रकार की अवस्था का सूचक है। जब स्वप्न और अधिक गहन होता है तो और उच्च अनुभव होते हैं। जिसमें कि अलौकिक वस्तुएं दीखती हैं जिनमें से कुछ सत्य भी हो सकती हैं। ऐसा परा चैतन्य अथवा अति चैतन्य के प्रभाव से होता है। प्रस्तुत उपन्यास में अतीत अनागत एवं वर्तमान को जानने वाले ऋषियों का दर्शन इसी तथ्य को पुष्ट करता है। गुहावासी में चैतन्य की इन सब अवस्थाओं का विशद् वर्णन किया गया है। प्रस्तुत शोध पत्र में इन्हीं अवस्थाओं को प्रस्तुत किया गया है।

—कृष्ण गोपाल

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गीता में काव्यगत विशेषताएं

वस्तुतः श्रीमद्भगवत् गीता एक दार्शनिक एवं आध्यात्मिक ग्रन्थ है, इसकी गणना काव्य ग्रन्थों में नहीं की गई है। यह ग्रन्थ सासांरिक प्राणियों के कल्याण के लिए ही है। अतः इसमें काव्य की बातों की आवश्यकता नहीं है, लेकिन काव्य की दृष्टि से इसकी रचना भले ही न की गई हो पर स्वाभाविक रूप से काव्यगत विशेषताएं इसमें समाहित हैं जो कि अध्ययन एवं मनन करने से प्राप्त हो जाती हैं।

आचार्य मम्मट के अनुसार काव्य की विशेषताएं ६ हैं। काव्यं यशसे अर्थकृते व्यवहारवाविदे शिवेतरक्षतये। सद्यः परनिर्वृतये कान्तासम्मितयोपदेश-युजे ॥

जहां अन्य काव्यों से केवल सांसारिक लाभ मिलता है जो अनित्य है किन्तु गीता को पढ़ने एवं अनुशरण से पारमार्थिक लाभ की भी प्राप्ति होती है, जिससे बढ़कर अन्यलाभ जीवन में प्राप्त नहीं होता है।

—द्विवेदी रामाधार

भट्टलोल्लट का रस-सिद्धान्त

रससूत्र के प्रमुख व्याख्याकारों में भट्टलोल्लट अन्यतम हैं। इनका स्वतन्त्रग्रन्थ उपलब्ध न होने के कारण विवेचकों को इनके रस-सिद्धान्त को समझने के लिए अभिनवगुप्तकृत अभिनव-भारती और मम्मटके काव्य प्रकाश का सहारा लेना पड़ता है। यद्यपि मम्मट को अभिनवगुप्त का ही अनुयायी माना जाता है तथापि लोल्लट के रस-सिद्धान्त के प्रतिपादन में मम्मट का दृष्टिकोण अभिनव गुप्त से पर्याप्त भिन्न है। अभिनवगुप्त ने विशुद्ध लौकिक धरातल पर उतरकर लोल्लट के अनुकार्यगत रस का प्रतिपादन किया है। उनके अनुसार नट स्वयं को रामादि के रूप में तथा नटी को सीतादि के रूप में समझने लगता है, जिससे नट में भी रत्यादिभाव उद्बुद्ध हो जाते हैं। इस प्रकार रस की स्थिति अनुकार्य एवं नट दोनों में पायी जाती है।इसके विपरीत मम्मट रस को वास्तव में अनुकार्यगत ही मानते हैं। उनके अनुसार सामाजिक नट को उसके अभिनय कौशल आदि के कारण रामादि के रूप में ग्रहण करते हैं। फलतः उन्हें अनुकार्यगत वास्तविक रस नटगत

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रूप में प्रतीत होने लगता है । इस प्रकार नट में रस की स्थिति वास्तविक न होकर प्रातिभासिक है ।

उक्त दोनों आचार्यों के विवेचन में प्राप्त मौलिक भिन्नता के विश्लेषण के साथ लोल्लट के मत की उपलब्धियों एवं न्यूनताओं का प्रकाशन करना एवं इस सम्बन्ध में अनेक विद्वानों की टिप्पणियों की समीक्षा करना प्रस्तुत शोध निबन्ध का प्रतिपाद्य है ।

—द्विवेदी माधवराज

सीता चरितम् में वर्णित भारतीय परिवेश

'सीताचरितम्' महाकाव्य है । इसमें दश सर्ग हैं और ६९४ पद्य । इसके प्रणेता डॉ. रेवाप्रसाद द्विवेदी हैं, जिन्होंने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के साहित्य विभाग में प्रोफेसर तथा अध्यक्ष पद को समलङ्कृत किया है । इस महाकाव्य में भगवान् राम का बनवास की अवधि पूर्ण करके अयोध्या लौटना, उनका राज्याभिषेक, सीतापवाद, सीता का राजभवन को छोड़कर बनवास का निर्णय, भरतपत्नी माण्डवी, लक्ष्मणपत्नी उर्मिला, शत्रुघ्नपत्नी श्रुतकीर्ति द्वारा सीता को वन जाने से रोकना, सीता का वनवास हेतु जाने का औचित्य बताते हुए वन जाना, दो शिशुओं को जन्म देने वाली सद्यः प्रसूता सीता का वाल्मीकि के साथ उनके आश्रम जाना, आश्रम में पुत्रों का पालन-पोषण करना, वाल्मीकि का लव कुश को शिक्षित करना, अश्वमेघ यज्ञ के घोड़े के कारण कुश लव तथा चन्द्रकेतु का युद्ध होना, राम तथा महर्षि वाल्मीकि के परस्पर पूज्यभाव को देखकर युद्ध बन्द हो जाना, वाल्मीकि के आश्रम में आयोजित सभा में सीता के पक्ष में महर्षि बाल्मीकि का भाषण, तपस्विनी सीता की जय-जयकार, लव तथा कुश को उनके पिता श्री राम से परिचित कराना, उन्हें राम के चरणों में समर्पित करना, बड़ी माता सीता के प्रति चन्द्रकेतु की असीम श्रद्धा की अभिव्यक्ति, सीता माता द्वारा धरती की गोद में ही विलीन हो जाना आदि प्रमुख घटनाओं का वर्णन बड़ी मार्मिक शैली में प्रस्तुत किया गया है । महाकवि की नूतन प्रतिभा ने इस महाकाव्य द्वारा सीता के पुरातन चरितकांचन में अपनी भारतीयता किंवा राष्ट्रिय भावना की सुगन्धि का जो संयोग किया है, वह अतीव स्पृहणीय एवं श्लाघनीय है ।

—दीक्षित हरिनारायण

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

'प्रसन्नराघव में शृंगार रस'

प्रस्तुत निबन्ध में जयदेवकृत प्रसन्नराघव में शृंगार रस की स्थिति पर विचार किया गया है । वस्तुतः इस नाटक का अंगीरस शृंगार ही है, जिसके दोनों ही भेदों विप्रलम्भ एवं संभोग का सम्यक् रूप से निर्वाह इस नाटक में हुआ है ।

विप्रलम्भ शृंगार के चित्रण के लिए नाटककार ने द्वितीय अंक में 'पूर्वराग' के प्रसंग द्वारा अत्यन्त मनोहर पृष्ठ भूमि का सृजन किया है । उसने राम और लक्ष्मण को बड़े कौशल से पुष्पावचयन के व्याज से मिथिलोद्यान में पहुंचा दिया है, दूसरी ओर (चण्डिकापूजन हेतु अपनी चंचल सखियों सहित सीता भी वहां उपस्थित हैं ।

इसी तरह इस निबन्ध में जयदेव द्वारा वर्णित शृंगार रस के विविध पक्षों पर सम्यक् विचार करते हुए 'प्रसन्नराघव' का अंगीरस शृंगार को ही सिद्ध किया गया है ।

—बाला नूतन

महाकवि माघ का जीवन दर्शन

इस लघु शोधनिबन्ध में महाकवि माघ के काव्य में उनका मानवीय जीवनविषयक दृष्टिकोण कैसा रहा है इस पर एक दृष्टिपात है ।

हर कवि अपने काव्य में प्रसंग वशात् किसी दूसरे पात्र द्वारा किसी को उपदेश करता है । माघवकाव्य के दूसरे सर्ग में उद्धव के भाषण में कुछ उपदेश परक बातें बताई गई हैं । "सबको सजग रहते हुए अपने बुद्धि पर निर्भर रहना चाहिए तभी स्थैर्य का अनुभव होता है । सोपधानां धियं धीराः स्थेयसीम् । मा. का. न्. २.६६ जड़ बुद्धि पत्थर जैसे होते है व तीक्ष्ण बुद्धि तीर जैसे किसी भी चीज के अन्दर घुसकर अन्तरंग ग्रहण करते हैं । स्पृशान्ति शखत्तीक्ष्णाः स्तोकम् । मा. का. २.८८ । बड़े लोग महत्कार्य को आरम्भ करके विनाव्याकुल हुए पूरा करते हैं । अपनी ताकत का अंदाज लगाए बिना कार्य करने वालों का कार्य क्षय होता है । अयगा बलमारम्भी । २.९४ बड़ों के सहारे लेनेवाले क्षुद्र व्यक्ति भी कार्य पूरा कर लेते हैं । बृहत्सहायः क्षोदीयान । २.७००

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कभी भी आप्तो को नाराज नहीं करना चाहिये । बाद में वो बहुत ही मंहगा पड़ता है । छन्दानुवृत्तिः दुःसाध्याः सुहृदोविमनीकृताः । संभवतः स्वयं कवि को किसी आप्त की नाराजी से बहुत नुकसानी सहनी पड़ी होगी ।

—भैद शैलजा

वेदान्तदेशिक कृत हंससन्देश का काव्य कौशल

